स्वच्छता ही सेवा अभियान समापन

हवामहल के बाहर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, व्यापारियों को डस्टबिन रखने के लिए किया जागरूक

जयपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर दो अक्तूबर को महात्मा गांधी और शास्त्री जयंती पर हेरिटेज निगम की ओर से हवा महल के बाहर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव, विधायक बाल मुकुंद आचार्य और निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने झाड़ू लगाकर सफाई की। इस दौरान निगम के अधिकारी, पार्षद और सफाई कर्मियों ने भी बड़ी चौपड़ से चांदी की टकसाल तक सफाई कर व्यापारी और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के समापन पर हवामहल के बाहर सफाई की गई। आमजन सफाई के प्रति जागरूक हो चुका है। हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया की स्वच्छता अभियान में विधायक बाल मुकुंद आचार्य, महापौर कुसुम यादव सहित पार्षद और निगम अधिकारियों ने साफ सफाई की। हेरिटेज निगम की ओर से स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम के जरिए आमजन को जागरूक किया गया। व्यापारियों को दो डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित किया गया।

कैंची धार

TOURIST
JSCL
NEVER LOOK BACK

GB Internat
2 Oct 2024 10:01:53
31 Hwa Sadak Road
Badi Chaupar
Jaipur Division
Rajasthan